राज्य परियोजना निदेशक

''उत्तराखण्ड सभी के लिए शिक्षा परिषद्''
राज्य परियोजना कार्यालय
ननूरखेड़ा, देहरादून (उत्तराखण्ड)
दूरभाष 0135– 2781941, 2781942
Website: http://ssa.uk.gov.in, E-mail - spd-ssa-uk@.nic.in
Toll Free Number:- 1800-180-4132

## विज्ञप्ति / कार्ययोजन

**विज्ञप्ति सं0: रा0प0का0 / 347 / गुण0 एव नवा0 / VSK / 2023–24, दिनांक 15 मई 2023**

उत्तराखण्ड राज्य के अन्तर्गत 'विद्या समीक्षा केन्द्र' के संचालन एवं अकादमिक अनुश्रवण हेतु 12 प्रवक्ता, 04 कम्प्यूटर योग्यता धारक प्रवक्ता / एल0टी0 / प्रशा0अधि0 से अन्यून व 02 एफ0एल0एन0 विशेषज्ञ स0अ0 रा0प्रा0वि0 (01 विज्ञान वर्ग व 01 विज्ञानेत्तर भाषा) समन्वयकों को अग्रिम आदेशों तक 'विद्या समीक्षा केन्द्र' में कार्ययोजित किये जाने हेतु आवेदन–पत्र दिनांक 31 मई 2023 सांय 05:00 बजे तक आमन्त्रित किये जाते हैं। विस्तृत जानकारी समग्र शिक्षा की वेबसाइट https://ssa.uk.gov.in एवं विद्यालयी शिक्षा विभाग की वेबसाईट https://schooleducation.uk.gov.in पर प्रदर्शित की जा रही है।

भवदीय,

(बंशीधर तिवारी)
राज्य परियोजना निदेशक
समग्र शिक्षा, उत्तराखण्ड, देहरादून

पृ0सं0 रा0प0का0 / 347 / गुण0 एव नवा0 / VSK / 2023–24 दिनांकित।

प्रतिलिपि :–

1. सम्पादक, अमर उजाला, दैनिक जागरण एवं हिन्दुस्तान को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को दिनांक 16 मई 2023 के उत्तराखण्ड संस्करण में, जिसका राज्य के दोनों मण्डलों में व्यापक प्रचार–प्रसार हो, डी0ए0वी0पी0 दरों पर 10X10 वर्ग से0मी0 साईज में प्रकाशित करने का कष्ट करें तथा बिल भुगतान हेतु दो प्रतियों में राज्य परियोजना कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. सिस्टम एनालिस्ट, राज्य परियोजना कार्यालय को इस आशय के साथ कि उक्त विज्ञप्ति एवं विस्तृत जानकारी समग्र शिक्षा की वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
3. एम0आई0एस0 समन्वयक, महानिदेशालय, विद्यालयी शिक्षा को इस आशय के साथ कि उक्त उक्त विज्ञप्ति एवं विस्तृत जानकारी विद्यालयी शिक्षा की वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

(बंशीधर तिवारी)
राज्य परियोजना निदेशक
समग्र शिक्षा, उत्तराखण्ड, देहरादून

राज्य परियोजना निदेशक

''उत्तराखण्ड सभी के लिए शिक्षा परिषद्''
राज्य परियोजना कार्यालय
ननूरखेड़ा, देहरादून (उत्तराखण्ड)
दूरभाष 0135– 2781941, 2781942
Website: http://ssa.uk.gov.in, E-mail - spd-ssa-uk@.nic.in
Toll Free Number:- 1800-180-4132

## विज्ञप्ति

विज्ञापन संख्या/ 347 /गुण0 एव नवा0/VSK/2023–24, दिनाँक 15 मई, 2023

राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा निम्नलिखित पदों पर कार्ययोजन के माध्यम से भरे जाने हेतु पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं–

| क्र॰ सं॰ | पदनाम एवं वेतनमान | पदों की संख्या | अधिकतम आयु सीमा | तैनाती स्थल | शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | अकादमिक VSK समन्वयक वेतन लेवल 8 के पदधारक | 12 | 45 वर्ष | विद्या समीक्षा केन्द्र देहरादून | A. विद्यालयी शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड के अन्तर्गत राजकीय सेवा के शैक्षिक संवर्ग में वेतन लेवल 08 के पदधारक जिन्होंने 31 मई, 2023 को पदधारक पद पर न्यूनतम 03 वर्षों की अविरल एवं संतोषजनक सेवा पूर्ण कर ली गई हो।<br>B. कम्प्यूटर ज्ञान की सामान्य जानकारी होना आवश्यक है। |
| 02 | तकनीकी VSK समन्वयक | 04 | 45 वर्ष | विद्या समीक्षा केन्द्र देहरादून | विद्यालयी शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड के अन्तर्गत राजकीय सेवा के शैक्षिक संवर्ग में प्रवक्ता (लेवल 08) के पदधारक /एल0टी0 (लेवल 07) के पदधारक/ प्रशासनिक अधिकारी (लेवल 08) से अन्यून पदधारक जिन्होंने जिन्होंने 31 मई, 2023 को पदधारक पद पर न्यूनतम (प्रवक्ता–3 वर्ष एल0टी0–6 वर्ष वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी/ प्रशासनिक अधिकारी –2 वर्ष सहित कुल राजकीय सेवा–10 वर्षो) की अविरल एवं संतोषजनक सेवा पूर्ण कर ली गई हो। |
| 03 | अकादमिक FLN विशेषज्ञ | 02 | 45 वर्ष | विद्या समीक्षा केन्द्र देहरादून | A. विद्यालयी शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड के अन्तर्गत राजकीय सेवा के शैक्षिक संवर्ग में वेतन लेवल 06 के पदधारक जिन्होंने जिन्होंने 31 मई, 2023 को पदधारक पद पर न्यूनतम 05 वर्षों की अविरल एवं संतोषजनक सेवा पूर्ण कर ली गई हो।<br>B. किसी भी प्रशिक्षण में KRP/MT के रूप में 3 वर्ष का अनुभव।<br>C. कम्प्यूटर ज्ञान की सामान्य जानकारी होना आवश्यक है। |

## 1. अभ्यर्थियों हेतु निर्देश एवं शर्तें:–

1.1 निर्धारित प्रारूप पर पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र समस्त वाँछित योग्यताओं की प्रमाणित प्रतियों सहित **केवल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट** से ही स्वीकार किये जायेंगे।

1.2 आवेदन पत्र के लिफाफे पर आवेदित पद का उल्लेख किया जाना अनिवार्य होगा।

1.3 आवेदन पत्र के साथ आवेदक को विगत 03 वर्षों में कोई प्रतिकूल प्रविष्टि न मिलने, अनुशासनात्मक कार्यवाही एवं वर्तमान में कोई न्यायालयी वाद विचाराधीन न होने सम्बन्धी स्व–हस्ताक्षरित एवं सक्षम अधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

1.4 अधिकतम आयु सीमा की गणना 01 जनवरी 2023 की तिथि को आधार पर की जाएगी तथा सेवा की गणना 31 मई, 2023 को आधार मानकर की जायेगी।

1.5 अभ्यर्थी को कार्ययोजित करने के बाद विद्या समीक्षा केन्द्र देहरादून में सेवा अवधि चयनित अभ्यर्थी के कार्यों के मूल्याँकन के आधार पर निर्धारित की जायेगी। कार्ययोजन किसी भी समय समाप्त करने का अधिकार राज्य परियोजना निदेशक का होगा।

1.6 अभ्यर्थी के द्वारा आवेदन के साथ समस्त अर्हताओं से सम्बन्धित प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है। पृथक से उपलब्ध कराये गये प्रमाण पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

1.7 अपूर्ण आवेदन व वांछित योग्यता न रखने वाले आवेदकों के आवेदन पत्र निरस्त कर दिए जायेंगे।

1.8 पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र दिनांक 31 मई, 2023 की सांय 05 बजे तक राज्य परियोजना कार्यालय ''उत्तराखण्ड सभी के लिए शिक्षा परिषद'' ननूरखेड़ा, तपोवन रोड़, रायपुर देहरादून में पहुँच जाने चाहिए। निर्धारित अन्तिम तिथि के पश्चात आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जायंगे।

1.9 आवेदन पत्र में प्रस्तुत की गई सूचनाएं असत्य पाये जाने पर आवेदन/चयन निरस्त कर दिया जायेगा तथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

1.10 एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने की स्थिति में प्रत्येक पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन किया जाना होगा।

1.11 अकादमिक VSK समन्वयक के पदों पर रिक्ति की स्थिति निम्नवत है:–(रिक्तियों की संख्या घट–बढ़ सकती है)

| क्र0सं0 | विषय | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | हिन्दी, | 1 |
| 2 | अंग्रेजी | 1 |
| 3 | संस्कृत | 1 |
| 4 | भौतिक विज्ञान | 1 |
| 5 | रसायन विज्ञान | 1 |
| 6 | जीव विज्ञान | 1 |
| 7 | गणित | 1 |
| 8 | अर्थशास्त्र | 1 |
| 9 | राजनीति विज्ञान | 1 |
| 10 | इतिहास, | 1 |
| 11 | भूगोल | 1 |
| 12 | कॉमर्स | 1 |

1.12 अकादमिक FLN विशेषज्ञ के पदों पर रिक्ति की स्थिति निम्नवत है:–(रिक्तियों की संख्या घट–बढ़ सकती है)

| क्र0 सं0 | वर्ग | रिक्तियों की संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञान वर्ग (स्नातक स्तर) | 1 | स्नातक स्तर पर गणित अनिवार्य विषय |
| 2 | विज्ञानेत्तर वर्ग (स्नातक स्तर) | 1 | स्नातक स्तर पर भाषा (हिन्दी) अनिवार्य विषय |

1.13 अर्ह आवेदकों की मैरिट सूची एवं चयनित अभ्यर्थियों की सूची उत्तराखण्ड सभी के लिए शिक्षा परिषद की वेबसाईट http:/ssa.uk.gov.in एवं http:/schooleducation.uk.gov.in पर अपलोड की जायेगी। चयनित अभ्यर्थियों को पृथक से भी सूचित किया जायेगा।

1.14 इस विज्ञप्ति की वैधता 31 मार्च 2024 तक रहेगी तथा इस अवधि में आवश्यकतानुसार रिक्त पदों पर मेरिट सूची से समन्वयकों की तैनाती की जायेगी।

1.15 अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र में यथास्थान गुणांक के आधार पर अर्जित अंकों की अंकना की जायेगी। समान अंक प्राप्त होने पर अधिमानी अर्हता के आधार पर अधिभार प्रदान किया जायेगा अंक एवं अधिमानी अर्हता समान होने पर अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जायेगी।

1.16 अभ्यर्थियों को चयन से सम्बन्धित किसी भी प्रक्रिया हेतु बुलाए जाने पर किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

**2. चयन प्रक्रिया:– 1. अकादमिक VSK समन्वयक**

- अकादमिक VSK समन्वयक के पदों पर चयन शैक्षिक गुणांक के आधार पर तैयार मैरिट के अनुरूप किया जायेगा। अंकों का निर्धारण निम्नवत् किया जाएगा:–

- स्नातक – प्राप्तांकों का प्रतिशत X 4/10
- स्नातकोत्तर – प्राप्तांकों का प्रतिशत X 5/10
- बी0एड0/एल0टी0 – प्रथम/प्रथम – 12, 12
  द्वितीय/द्वितीय – 06, 06
  तृतीय/तृतीय – 03, 03

**अधिमानी अर्हता–**

(i) M.Phil/Phd. डिग्री धारक हो।
(ii) MOOCS से कम से कम 2 कोर्स पूर्ण किये हो।
(iii) SPSS सॉफ्टवेयर पर काम करने की योग्यता।
(iv) किसी राजकीय शोध संस्थान में कार्य करने का 02 वर्ष का अनुभव (साक्ष्य सहित शोध सम्बन्धी कार्य)

**2. तकनीकी VSK समन्वयक**– तकनीकी VSK समन्वयक के पदों पर चयन शैक्षिक गुणांक के आधार पर तैयार मैरिट के अनुरूप किया जायेगा। अंकों का निर्धारण निम्नवत् किया जाएगा:–

- MSC Computer Science/MCA - प्राप्तांकों का प्रतिशत X 5/10
- PGDCA/BSc Computer Science/BCA/A level - प्राप्तांकों का प्रतिशत X 4/10

**अधिमानी अर्हता–**

(i) M.Phil/Phd. डिग्री धारक हो।
(ii) MOOCS से कम से कम 2 कोर्स पूर्ण किये हो।
(iii) SPSS सॉफ्टवेयर पर काम करने की योग्यता।
(iv) किसी राजकीय शोध संस्थान में कार्य करने का 02 वर्ष का अनुभव (साक्ष्य सहित शोध सम्बन्धी कार्य)

3. **अकादमिक FLN विशेषज्ञ–** अकादमिक FLN विशेषज्ञ के पदों पर चयन शैक्षिक गुणांक के आधार पर तैयार मैरिट के अनुरूप किया जायेगा। अंकों का निर्धारण निम्नवत् किया जाएगाः–

- स्नातक– प्राप्तांकों का प्रतिशत X 4/10
- बी0एड0 / डी0एल0एड0 / बी0टी0सी0

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम / प्रथम | – | 12, 12 |
| द्वितीय / द्वितीय | – | 06, 06 |
| तृतीय / तृतीय | – | 03, 03 |

**अधिमानी अर्हता–**

- UTET@CTET-I उत्तीर्ण

**(बंशीधर तिवारी)**
राज्य परियोजना निदेशक
समग्र शिक्षा, उत्तराखण्ड देहरादून।

# राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड

अकादमिक VSK समन्वयक / तकनीकी VSK समन्वयक / अकादमिक FLN विशेषज्ञ के पदों पर कार्ययोजन हेतु आवेदन पत्र

आवंटित कोड़ (राज्य स्तर से आवंटित किया जायेगा)

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |

अग्रसारण अधिकारी द्वारा प्रमाणित नवीनतम फोटो

1– आवेदित पद का नाम– ..........................................................

2– आवेदक का नाम– (हिन्दी में)......................................................................

(अंग्रेजी में)......................................................................

3– पिता / पति का नाम– ..........................................................

4– जन्म तिथि– ..........................................................

5– 01 जनवरी 2023 को आयु– वर्ष–........ माह–......... दिन–.........

6– वर्तमान धारित पद–............................................ वेतन लेवल– ..........................

7– वर्तमान धारित पद पर कार्य करने की तिथि– ..............................

8– आवेदित पद हेतु निर्धारित वेतनमान एवं धारित पद पर कुल सेवा अवधि–
वर्ष–............ माह–............ दिन–...........

9–राजकीय सेवा में सेवा अवधि का विवरण–

| क्र0सं0 | पदनाम (विषय सहित) | कार्य करने की तिथि | | कुल अवधि | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|
| | | कब से | कब तक | | |
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |
| 4 | | | | | |

10–वर्तमान संस्था का नाम– ..........................................................

11–स्थायी पता– ......................................................................................................................

......................................................................................................................

12–पत्राचार का पता– ......................................................................................................

..............................................................

13–दूरभाष / मोबाइल न0– ............................................. ई–मेल ..................................................

14– शैक्षिक योग्यता का विवरण (अंक पत्र व प्रमाण पत्र की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)–

| क्र0 सं0 | परीक्षा | वर्ष | विषय | बोर्ड / संस्था / वि0वि0 | श्रेणी | उर्तीण प्रतिशत | अर्जित अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्नातक | | | | | | |
| 2 | स्नातकोत्तर | | | | | | |
| 3 | प्रशिक्षण (बी0एड0 सैदा0) | | | | | | |
| | प्रशिक्षण (बी0एड0 प्रयो0) | | | | | | |
| 4 | अन्य | | | | | | |

15–संलग्नकों का विवरण–

1. 
2. 
3. 
4. 
5. 
6. 

आवेदक के हस्ताक्षर

आवेदक का नाम–

## घोषणा पत्र

मैं.......................................................................पुत्र/पुत्री................................................वर्तमान पद .................... संस्था .............................................................................सत्यनिष्ठा पूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन में मेरे द्वारा अंकित सभी सूचनाएं सही, पूर्ण एवं सत्य हैं। चयन के पूर्व अथवा बाद यदि जांचोपरान्त मेरे द्वारा अंकित कोई भी विवरण असत्य या भिन्न पाये जाने पर मेरा अभ्यर्थन निरस्त किया जाता है तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाती है तो मुझे कोई आपत्ति नही होगी। आवेदन पत्र में अंकित सभी सूचनाओं से सम्बन्धित मूल प्रमाण–पत्र आवेदन करने की तिथि से पूर्व अर्जित किये गये हैं तथा मेरे पास उपलब्ध हैं।

दिनांक
स्थान

हस्ताक्षर
अभ्यर्थी का नाम
वर्तमान संस्था

---

अग्रसारण अधिकारी की संस्तुति एवं हस्ताक्षर–

हस्ताक्षर (नाम व मोहर सहित)

## मा0 न्यायालयी वाद न चलने सम्बन्धी प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कु0 ........................................ का किसी भी माननीय न्यायालय में किसी भी प्रकार का वाद नहीं चल रहा है तथा ना ही किसी भी प्रकार का वाद लम्बित है।

**ह0/–**
**सम्बन्धित संस्थाध्यक्ष**
**(नाम एवं मोहर सहित)**

## अनुशासनात्मक कार्यवाही न चलने सम्बन्धी प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कु0 ........................................ के विरूद्ध किसी भी प्रकार की अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं की गयी है तथा ना ही किसी भी प्रकार की ऐसी कार्यवाही गतिमान है।

**ह0/–**
**सम्बन्धित संस्थाध्यक्ष**
**(नाम एवं मोहर सहित)**

## प्रतिकूल प्रविष्टि न मिलने सम्बन्धी प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि कार्यालयी अभिलेखों के अनुसार श्री/श्रीमती/कु0 ................ ......................... को विगत 02 वर्षों में किसी भी प्रकार की प्रतिकूल प्रविष्टि नहीं मिली है तथा ना ही किसी भी प्रकार की ऐसी कार्यवाही गतिमान है।

**ह0/–**
**सम्बन्धित संस्थाध्यक्ष**
**(नाम एवं मोहर सहित)**